हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, बुधवार, 27 अगस्त 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री



4 स्नातक में प्रवेश के लिए 46745 का पंजीयन, 16 हजार ने लिया एडमिशन

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# डबरी में नहाने के दौरान डूबने से दो मासूम बच्चों की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

ईंट भट्ठे संचालित करने के लिए बनाए गए डबरी में डूबकर दो बच्चों की मौत हो गई। बच्चे स्कूल की छुट्टी होने पर अपन गांव आए थे और दोपहर में नहाने के लिए डबरी में चले गये। डबरी में पानी गहरा होने के कारण दोनों डूब गए। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा फिलहाल शवों को मर्ग पंचनामा उपरान्त मर्च्युरी में रखवाया गया है। इस घटना से क्षेत्र में शोक का माहौल है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम कोरजा निवासी 10 वर्षीय रविशंकर सिंह आ. लोचन सिंह गोंड व 9 वर्षीय अनुराग सिंह आ. संतोष सिंह गोंड जमगला में हास्टल में रहकर कक्षा चौथी की पढ़ाई करते थे। दो दिन पहले छुट्टी होने पर दोनों बच्चे अपने गांव आए हुए थे। मंगलवार की दोपहर 3.30 बेज मृतक रविशंकर सिंह, अनुराग सिंह अपने एक अन्य दोस्त के साथ गांव में बने डबरी में नहाने के लिए गए हुए थे। उक्त डबरी का निर्माण ईंट भट्ठे के संचालन हेतु किया गया है और लगातार हो रही बारिश के कारण डबरी लबालब भरा हुआ था। संभावना जताई जा रही है कि नहाने के लिए डबरी में उतरे बच्चे गहरे पानी के कारण डूब गए जबकि उनका दोस्त डरकर वहां से भाग निकला। इस दौरान बच्चे ने घटना की जानकारी किसी को नहीं दी। देर शाम तक बच्चे जब घर नहीं आए तो उनमें से एक बच्चे का दादा उन्हें खोजने के लिए निकला और जब वह डबरी के समीप पहुंचा तो वहां उनके कपड़े पड़े हुए थे। ग्रामीण फिर से घर पहुंचा तो घर में बच्चे नहीं थे ऐसे में आशंका हुई कि बच्चे पानी में डूब गए है। इस घटना की सूचना सरपंच ने पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने डबरी से दोनों बच्चों के शव बाहर निकाले। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस द्वारा शवों को मर्च्युरी में रखवाया गया है और बुधवार को पीएम उपरान्त शव परिजन के सुपुर्द किया जाएगा। बड़ी बात यह है कि गांव में अवैध रूप से गमला ईंट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है और उसके लिए ही इस गड्ढे को खोदा गया था जिसमें डूबकर मासूम बच्चों की जान चली गई।

इस संबंध में थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा ने बताया कि नहाने के दौरान डूबने से दोनों बच्चों की मौत हुई है। इस मामले में मर्ग कायम किया गया है और घटना की जांच चल रही है।

## ईंट भट्ठे के लिए बनाई गई थी डबरी, जांच में जुटी पुलिस



### अमेरा खुली खदान के विस्तार के लिए प्रबंधन ने खड़ी फसल पर चलाई मशीनें

# जमीन के लिए परसोडी कला में एक बार फिर एसईसीएल और ग्रामीण आमने-सामने





एसईसीएल की कार्रवई से बर्बाद खेत व फसल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/रजपुरीकला

मंगलवार को अमेरा कोल खदान विस्तार के लिए एसईसीएल प्रबंधन ने किसानों की खड़ी फसल को जेसीबी और हाइड्रा मशीनों के जरिए रौंद दिया गया। एसईसीएल की ओर से भूमि अधिग्रहण का हवाला देते हुए किसानों की खेत को खोद दिया गया जिससे फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गई। इस घटना के बाद किसानों में भारी आक्रोश है। इस कार्रवाई का किसानों ने विरोध किया है। किसानों का कहना है कि बिना मुआवजा दिए ही फसलों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। इधर एसईसीएल का कहना है कि प्रबंधन मुआवजा, नौकरी देने को तैयार है लेकिन किसान मुआवजा नहीं लेना चाह रहे हैं। अब अधिग्रहित भूमि पर विस्तार के लिए कार्रवाई की जाएगी। ⏭ शेष पेज 4 पर

**खास बात**
- भूमि का 2001 में हो चुका है अधिग्रहण

## आजीविका का साधन बर्बाद

इधर इस मामले में ग्रामीणों का कहना है कि एसडीएम कार्यालय से उन्हें मुआवजा और अधिग्रहण की कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई है। वर्षों से उक्त भूमि पर खेती करते आ रहे हैं। इस बार प्रबंधन ने खड़ी फसल को बर्बाद कर दिया। धान की खेती मुख्य आजीविका का साधन है और अब अगर इस तरह फसल उजाड़ दी जाएगी तो परिवार का सालभर का गुजारा कैसे होगा। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी वे प्रबंधन का विरोध करते हैं तो अधिकारी-कर्मचारी बाहर से बुलाए गए सुरक्षा गार्ड डंडा और बन्दूक लेकर खड़े हो जाते हैं।

### ग्रामीण नहीं ले रहे मुआवजा

अमेरा खदान विस्तार के लिए भूमि का अधिग्रहण 2001 में ही हो चुका है। उक्त भूमि पर खेती नहीं करने के लिए किसानों को पहले ही नोटिस जारी किया गया था और जानकारी भी दी गई थी। इस वर्ष उक्त भूमि पर कोल खनन किया जाना है। अधिग्रहित भूमि पर फसल हानि की जिम्मेदारी उनकी होगी। मुआवजा वितरण के लिए कई बार नोटिस दिया गया है। मुआवजा को ट्रिब्यूनल में जमा करने की अनुमति भी आ गई है। क्षेत्र में 19 प्रतिशत किसानों ने ही मुआवजा लिया है बाकी किसान मुआवजा नहीं ले रहे हैं। वे मुआवजा लेना चाह रहे है और ना ही नौकरी। भू अर्जन लगने के बाद जमीन नहीं देने का प्रश्न बनता ही नहीं है। सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रक्रिया पूर्ण हो जाए तो बेहतर होता है लेकिन यदि ग्रामीण नहीं मानते हैं तो आगे की प्रक्रिया की जाएगी।

-**केके भोई**, कोल अधिकारी

### बिना सहमति लिए कर रहे खोदाई

एसईसीएल द्वारा लगातर पांच छह दिनों से किसानों की खड़ी फसल पर चढ़ाई कर नष्ट किया जा रहा है। इसका मकसद एसईसीएल अमेरा खदान का विस्तार है। खदान का विस्तार ऐसे क्षेत्र में किया जा रहा है जहां के ग्रामीणों ने मुआवजा नहीं लिया है। विरोध के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीणों से कोई चर्चा किए बिना ही भूमि खोदी जा रही है। जिन्होंने मुआवजा नहीं लिया उनकी जमीन ना खोदी जाए। इसका विरोध किया जाएगा और कोई बड़ी घटना हो सकती है। क्षेत्रीय विधायक व मंत्री को भी इस समस्या से अवगत कराया जाएगा।

-**धर्मेंद्र झरिया**
पूर्व जनपद सदस्य

# नेत्रहीन नाबालिग से दुष्कर्म, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

- गर्भवती होने पर खुला मामला, अपराध दर्ज

क्षेत्र में रिश्तों शर्मशार करने वाली घटना सामने आई है जिसमें दो ममेरे भाइयों ने नाबालिग नेत्रहीन बालिका को अपनी हवस का शिकार बनाया। आरोपी दिव्यांग नाबालिग के साथ विगत कई महीनों से दरिंदगी कर रहे थे। अब नाबालिग के गर्भवती होने के बाद इस मामले का खुलासा हुआ है जिसके बाद परिजन के होश उड़ गए। परिजन ने मामले की शिकायत पुलिस से की है जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में अपराध दर्ज कर लिया गया है। वहीं आरोपी युवक फरार बताए जा रहे है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत एक नाबालिग नेत्रहीन बालिका अपने मामा के घर रहने के लिए आई हुई थी। इस दौरान लगभग आठ माह पूर्व घर में मौजूद ममेरे भाई ने नाबालिग के नेत्रहीन होने का फायदा उठाकर उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। अपचारी बालक ने दिव्यांग बालिका के घर में अकेले पर उसके साथ इस अमानवीय कृत्य किया। इसके बाद उसके चचेरे मामा के बालिग पुत्र ने भी बालिका के साथ अनाचार किया। इस दौरान दोनों लगातार साठ-आठ महीने तक बारी बारी दुष्कर्म करते रहे जिससे नेत्रहीन बालिका गर्भवती हो गई। पेट में दर्द होने पर तबीयत खराब होने की जानकारी उसने अपने माता-पिता को दी जिसके बाद परिजन उसे अपने साथ घर ले गए। परिजन ने बीमारी को गंभीरता से नहीं लिया और टोना टोटका मानते हुए झाडफूंक कराया। कुछ समय के बाद पुनः वे नाबालिग को मामा के घर छोड़ गए। नाबालिग के घर आने पर फिर से ममेरे भाइयों ने अपनी हवस का शिकार बनाया जिससे बच्ची की तबीयत फिर से बिगड़ गई। बच्ची के पेट में उभार आने पर परिजन को उसके गर्भवती होने का अंदाजा हुआ। इस दौरान जब परिजन ने बच्ची से बातचीत की तो उसने आवाज के आधार पर ममेरे भाइयों द्वारा दुष्कर्म किए जाने की जानकारी दी जिसके बाद परिजन के होश उड़ गए। परिजन ने अब मामले में पुलिस को घटना की शिकायत की है। थाना प्रभारी गौरव कुमार पांडेय ने बताया कि इस मामले में पोक्सो एक्ट की धारा 5(2),5(क), 6(5) एवं बीएनएस की धारा 70(2) के तहत अपराध दर्ज कर लिया है और मामले की जांच जारी है।

### चल रही है तलाश

घटना में एक बालिग और एक अपचारी बालक शामिल है। इस मामले में अपराध दर्ज किया गया है और घटना की जांच के साथ ही आरोपियों की तलाश की जा रही है।

-**अमोलक सिंह ढिल्लो**, एएसपी

# म्यूल अकाउंट खुलवाकर दिया साइबर ठगों को, गिरफ्तार




**अंबिकापुर।** साइबर ठगों को अपने नाम से सिम और बैंक खाता उपलब्ध कराने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने कमीशन लेकर साइबर ठगों को खाता उपलब्ध कराया था जिसमें 2 लाख रुपए से अधिक के लेनदेन के सबूत मिले है। बता दें कि म्यूल अकाउंट को लेकर सरगुजा जिले में बड़े पैमाने पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कार्रवाई के तहत पुलिस ने पूर्व में भोले भाले लोगों को झांसे में लेकर बैंक खाता खुलवाने और धोखे से उनके नाम पर सिम कार्ड निकालने के मामले में कोतवाली पुलिस ने रवि कश्यप, अमलेश्वर कुमार वैष्णव व गौतम सिंह को बीएनएस की धारा 318(4), 3(5), 319 (2), 111(2) आईटी एक्ट 66 (ग) के तहत गिरफ्तार किया था। इसी प्रकरण की जांच के दौरान पुलिस ने दरिमा महादेव पलगड़ी निवासी विनय प्रजापति आ. भैयालाल प्रजापति को हिरासत में लेकर पूछताछ। इस दौरान यह बात सामने आई कि आरोपी ने अपने नाम पर तीन अलग अलग सिम कार्ड निकाला था इसके साथ अपना बैंक खाता खुलवाया। आरोपी ने सिम कार्ड के साथ ही बैंक खाता, पासबुक, एटीएम कार्ड चेकबुक पूर्व में गिरफ्तार अमलेश्वर वैष्णव को दिया था। तीनों खाता के एवज में उसे 2 हजार रुपए के हिसाब से 6 हजार रुपए लेने की बात स्वीकार की। आरोपी के बैंक खातों में अलग अलग राज्यों से 2 लाख 4 हजार 70 रुपए का अवैध लेनदेन हुआ है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है जबकि मुख्य आरोपियों की तलाश जारी है। इस कार्रवाई में कोतवाली थाना से उनि सम्पत पोटाई, सउनि विजय गुप्ता, साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, आरक्षक वीरेंद्र पैकरा, अमनपुरी, राहुल केरकेट्टा, शिव राजवाड़े, मंटू लाल गुप्ता, देशराम पैकरा सक्रिय रहे।

### ग्रामीणों ने उठाए बांध के अस्तित्व पर सवाल

# बेलजोरा बांध क्षतिग्रस्त, इंटकवेल के पास बना गहरा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर



इंटकवेल के समीप बना गड्ढा।

क्षेत्र में सिंचाई सुविधा बहाल करने दशकों पूर्व निर्मित बांध क्षतिग्रस्त हो गया है। बांध के इंटकवेल के पास की मिट्टी लगभग दस फिट मिट्टी अंदर धंस गई है। जिसकी वजह से इंटकवेल के पास निर्मिति गहरा सुराख अंदर ही अंदर बांध को खोखला करने लगी है। ग्रामीणों ने बांध में निर्मित सुराख को भविष्य के लिए खतरा बताते हुए बांध के अस्तित्व पर सवाल खड़े किए है।

विदित हो कि अस्सी के दशक के आसपास क्षेत्र में सिंचाई सुविधा बहाल करने करोड़ो की लागत से ग्राम बेलजोरा में बांध का निर्माण किया गया था। कई किश्तों में हुए इस बांध निर्माण के दौरान काम की गुणवत्ता को लेकर गांव वालों ने काफी विरोध जताया था। ग्रामीणों के विरोध के दौरान जैसे तैसे विभाग द्वारा इस बांध का निर्माण कराया गया। बांध का निर्माण पूर्ण होने लगभग आठ से दस साल लगे इसके बाद भी बांध का वो हिस्सा कमजोर रह गया था जहां नहर में पानी सप्लाई के लिए इंटकवेल का निर्माण किया गया था। इंटकवेल निर्माण के दौरान बरती गई तकनीकी खामियों की वजह से बांध का वो हिस्सा काफी संवेदनशील हो गया था। कुछ साल पहले बांध के इंटकवेल वाले हिस्से में काफी बड़ी दरार आ गई थी और बांध लगभग टूटने के कगार पर पहुंच गया था। उस दौरान बांध की ऐसी हालत देख गांव वाले काफी डर गए थे। उन्हें बांध टूटने के बाद उससे होने वाली तबाही का डर सताने लगा था। जिसके बाद ग्रामीण बांध की इस दुर्दशा के लिए अधिकारियों को जिम्मेदार ठहरा जमकर हंगामा मचाया था। ग्रामीणों के विरोध के बाद आनन फानन में विभाग द्वारा खतरनाक हो चुके बांध के उस क्षतिग्रस्त हिस्से का मरम्मत करा दिया था। मरम्मत के बाद भी बांध के उस हिस्से में कुछ न कुछ परेशानी बनी रहती थी। जिसका समय रहते विभाग मरम्मत के नाम पर खानापूर्ति कर दिया करती थी किंतु अंदर ही अंदर कमजोर हो चुका बांध का वह हिस्सा इस साल होने वाले ⏭ शेष पेज 4 पर



# यूरिया की जमकर चल रही काला बाजारी, दो पिकअप यूरिया जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

- निजी दुकानों में संचालक कर रहे मनमानी, स्टॉक मिलाने में मिली भारी गड़बड़ी

एक तरफ किसान यूरिया खाद की किल्लत से जूझ रहे है और उनकी फसलों पर खतरा मंडरा रहा है तो वहीं दूसरी ओर तस्कर बेखौफ होकर उर्वरक की तस्करी करने के साथ मनमाने दरों पर इसकी बिक्री कर रहे है। इस बात का खुलासा प्रशासन और खाद्य विभाग की संयुक्त टीम की कार्रवाई से हुआ है। जिले में खाद के अवैध भंडारण, काला बाजारी व निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर खाद की बिक्री जोर शोर से चल रही है। ऐसे में किसानों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यूरिया नहीं मिलने से किसानों कि फसल पर खतरा मंडराने लगा है। इस बीच अवैध रूप से खाद बिक्री,काला बाजारी पर रोक लगाने के लिए कलेक्टर राजेन्द्र कटारा ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम रामानुजगंज आनंद नेताम, खाद्य विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रामचंद्रपुर क्षेत्र में अवैध रूप से यूरिया का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के बाद संयुक्त टीम ने घेराबंदी कर टिकीदीरी में 2 पिकअप को पकड़कर उसकी जांच की। जांच के दौरान पिकअप वाहन में 50-50 बोरी यूरिया मिला। चालक यूरिया का परिवहन बिना किसी वैध दस्तावेज के कर रहा था और इसकी कालाबाजारी की जा रही रही थी। संयुक्त टीम ने 100 बोरी यूरिया और दो पिकअप वाहनों को जब्त कर रामचंद्रपुर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। इसके साथ ही टीम ने रामचंद्रपुर के नारायण कृषि सेवा केंद्र के निरीक्षण के दौरान निर्धारित उर्वरक मूल्य सूची चस्पा नही होने के कारण कृषि सेवा केंद्र के संचालक को नोटिस जारी किया गया है। बलरामपुर विकासखंड अंतर्गत कृषि विभाग की टीम द्वारा संचालित निजी उर्वरक विक्रय केंद्रों में औचक ⏭ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप

### आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली का दिया गया प्रशिक्षण

**अंबिकापुर।** कलेक्टर के निर्देशानुसार सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों एवं कर्मचारियों को एनआईसी द्वारा विकसित आधार आधारित उपस्थिति प्रणाली का प्रशिक्षण एवं ऑन बोर्डिंग कराया गया। शासन के दिशा-निर्देशों के अनुरूप इस नई प्रणाली को आगामी माह से जिले में लागू किया जाएगा। कलेक्ट्रेट एवं राजस्व विभाग में यह प्रणाली पहले से लागू की जा चुकी है। शेष कार्यालयों एवं विभागों के लिए जिला सूचना विज्ञान अधिकारी ने प्रशिक्षण देकर ऑन बोर्डिंग की प्रक्रिया पूरी कराई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को उपस्थिति दर्ज करने की प्रक्रिया, तकनीकी पहलुओं एवं प्रणाली के लाभों की विस्तार से जानकारी दी गई। सभी विभागीय अधिकारी अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ प्रशिक्षण में शामिल हुए, ताकि आगामी माह से इस प्रणाली का सुचारू क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सके। इस अवसर पर जिपं सीईओ विनय कुमार अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुनील नायक, रामसिंह ठाकुर, कलेक्ट्रेट प्रभारी अधीक्षक प्रमोद सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### विभिन्न त्यौहारों के मद्देनजर शांति समिति की बैठक 2 को

**अम्बिकापुर।** आगामी त्यौहार 6 सितम्बर 2025 को गणेश चतुर्थी स्थापना, मूर्ति विसर्जन एवं ईद-ए-मिलाद (मिलाद-उन-नबी), 2 अक्टूबर को दशहरा (विजयादशमी) 20 अक्टूबर को दीपावली एवं 27 अक्टूबर को छठ पूजा का त्यौहार शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाये जाने के संबंध में 2 सितम्बर को सायं 4.30 बजे कलेक्टर की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

**बिहारपुर।** चांदनी बिहारपुर थाना अंतर्गत कोल्हुआ मोड़ के पास सोमवार को देर रात लगभग 10 बजे हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान बिहारपुर निवासी सीताशरण साह (22वर्ष) के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीताशरण देर रात मोटरसाइकिल से अपने घर लौट रहा था। इस दौरान कोल्हुआ मोड़ के पास तभी अचानक बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़ा।घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने गंभीर रूप से घायल सीताशरण को उपचार के लिए अस्पताल ले जा रहे थे जहां रास्ते में ही उसकी सांसे रूक गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा उपरांत शव को पीएम के लिए भेजवाया। घटना से गांव में शोक की लहर है। ग्रामीणों ने बताया कि कोल्हुआ मोड़ पर सड़क संकरी होने के साथ ही अंधेरा रहने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ग्रामीणों ने दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए लाइट लगाने और सड़क का चौड़ीकरण कराने की मांग की है।



### सर्पदंश से गंभीर महिला की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सनावल थाना अंतर्गत ग्राम डुमरपान निवासी सीतादेवी पति मोहन (35 वर्ष) 24 अगस्त की मक्का बाड़ी में घास काट रही थी। इसी दौरान जहरीले सांप ने पैर में काट लिया। चिकित्सकों ने महिला की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन

**अनूपपुर।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक ने बताया है कि चौथा ईएमआरएस फुटबाल बालक/बालिका 19 वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 27 अगस्त को शासकीय एकलव्य आवासीय विद्यालय अनूपपुर के प्रांगण में किया जाएगा। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के एकलव्य आवासीय विद्यालयों के बालक वर्ग एवं बालिका वर्ग की टीम भाग लेंगी। प्रतियोगिता में चयनित दलों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत



**नगर।** जिले के थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार की दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया। ग्राम निवासी सुजीत कुमार उम्र 22 वर्ष पिता सजन जाति चेरवा की मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सुजीत कुमार अपनी पत्नी को बुलाने कचोहर जाने के लिए घर से निकला था। घर से कुछ ही दूरी पर रेलवे स्टेशन के पास रेल लाइन पार करते समय वह अचानक गुजर रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया। हादसे में उसे गंभीर चोटें आईं और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। रेलवे कर्मचारियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस एवं चरचा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### क्वार्टर का ताला तोड़कर लाखों का सामान पार

**बैकुण्ठपुर।** जिले के पटना थानांगत पाण्डवपारा स्थित एसईसीएल क्वार्टर में अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर मोटरसाइकिल, सोने-चांदी के जेवर और नगदी सहित करीब 1 लाख 38 हजार रूपए का माल पार कर दिया। पीड़ित रवि रंजन जो एसईसीएल क्वार्टर नंबर इ-16 पाण्डवपारा में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि 20 अगस्त की रात 10:15 बजे वह अपनी पत्नी का इलाज कराने अपोलो अस्पताल बिलासपुर गए थे। अगले दिन यानी 21 अगस्त की रात 8:15 बजे जब वे घर लौटे तो देखा कि क्वार्टर के गेट का ताला टूटा हुआ है। घर के भीतर रखी उनकी पुरानी मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 16 सीटी 3292, कीमत 60,000 रूपए, सोने-चांदी के जेवरात कीमत लगभग 48,000 रूपए और नगदी 30,000 रूपए गायब थे। कुल मिलाकर करीब 1,38,000 रूपए का नुकसान हुआ है। घटना की सूचना पर पटना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता बीएनएस 2023 की धारा 305 (ए) 331 (1) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### चरचा साप्ताहिक बाजार से बाइक पार

**बैकुण्ठपुर।** चरचा थानांतर्गत कार्यरत मजदूर की मोटरसाइकिल अज्ञात चोरों ने साप्ताहिक बाजार से चोरी कर ली। ग्राम सरडी स्कूलपारा निवासी राजेश जो एसईसीएल चरचा में जनरल मजदूर के पद पर पदस्थ है। थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि रविवार के दिन वह शाम 5:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल एचएफ डिलक्स क्रमांक सीएम 0738 से चरचा साप्ताहिक बाजार सब्जी खरीदने गया था। उसने वाहन को श्रमवीर स्टेडियम ग्राउंड के पास खड़ा किया और सब्जी लेने बाजार चला गया। लगभग 6 बजे जब वह लौटा तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं मिला।

सलका में खंडहर बनते जा रहे सरकारी मकान

# आज तक आबाद नहीं हो सका अटल आवास





हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिला मुख्यालय से मात्र 5 किमी दूर स्थित सलका में बना अटल आवास योजना का परिसर आज भी वीरान पड़ा है। वर्षों पहले गरीब और जरूरतमंद परिवारों को आशियाना देने के उद्देश्य से करोड़ों की लागत से बनाए गए ये आवास आज खंडहर में तब्दील हो रहे हैं।

हालत यह है कि इन भवनों में न तो पर्याप्त मूलभूत सुविधाएं हैं और न ही प्रशासन की कोई गंभीरता दिखाई देती है। पानी, बिजली, नाली और साफ-सफाई जैसी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी तरह नदारद हैं। यही कारण है कि यहां रहने वाले कुछ गिने-चुने परिवार भी अब पलायन की सोचने लगे हैं। शहर के निवासी गप्पू नामदेव ने बताया कि सरकार ने तो मकान दे दिया, लेकिन रहने लायक व्यवस्था नहीं है। न पीने का पानी है, न साफ-सफाई। बरसात में छतें टपकती हैं और चारों ओर गंदगी फैली रहती है। एक अन्य महिला रामबाई ने कहा कि यहां तो कोई अधिकारी झांकने तक नहीं आता। बच्चों को बीमारी का डर लगा रहता है, पर जाएं तो जाएं कहां।

### विकास का सपना बना उपेक्षा का शिकार

अटल आवास का निर्माण समाज के कमजोर वर्गों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से किया गया था, लेकिन आज यह योजना उपेक्षा और भ्रष्टाचार का प्रतीक बनती जा रही है। प्रशासनिक उदासीनता के कारण यहां न तो लोग रह पा रहे हैं और न ही भवनों का रख-रखाव हो पा रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से निवासियों ने गुहार लगाई है कि इस अटल आवास योजना को पुर्नजीवित किया जाए। मरम्मत, साफ-सफाई और सुरक्षा की व्यवस्था कर इसे दोबारा रहने लायक बनाया जाए।



### जर्जर भवनों में रहने को विवश लोग

सलका क्षेत्र में बने अटल आवास योजना के अंतर्गत आवंटित मकानों की हालत बदतर होती जा रही है। यहां रह रहे लोगों को बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि आवासीय भवन धीरे-धीरे जर्जर हो रहे हैं। कई मकानों में प्लास्टर झड़ रहा है, छतें टपक रही हैं और दीवारों में दरारें आ चुकी हैं। वहीं दूसरी ओर नालियां जाम पड़ी हैं, कचरे का नियमित निस्तारण नहीं हो रहा, जिससे पूरे क्षेत्र में गंदगी फैली रहती है। रहवासियों का कहना है कि लंबे समय से नगर पालिका या प्रशासन की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई। न तो मरम्मत के प्रयास किए जा रहे हैं और न ही सफाई की व्यवस्था नियमित है, इसके चलते यहां रहना लोगों के लिए किसी सजा से कम नहीं रह गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द अटल आवास की मरम्मत, साफ-सफाई और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बहाल किया जाए(

# आज विराजेंगे विघ्नहर्ता भगवान गणेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी



मूर्ति को अंतिम रूप देता मूर्तिकार।

- गणेश चतुर्थी की तैयारियां पूर्ण

विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का आगमन बुधवार 27 अगस्त को होगा। इस दिन शुभ मुहूर्त प्रातः 11:05 से दोपहर 1:40 बजे तक भगवान गणेश की प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। 10 दिनों तक चलने वाले इस पर्व का समापन 6 सितंबर को अनंत चतुर्दशी पर विसर्जन के साथ होगा। क्षेत्र की गणेश पूजा समितियों ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। मंगलवार को ढोल-नगाड़ों और डीजे की गूंज के बीच विभिन्न पंडालों में गणेश प्रतिमाएं स्थापित की गईं। स्थानीय मूर्तिकार अजय कुमार ने इस वर्ष 30 से अधिक प्रतिमाएं तैयार कीं, जिनकी बुकिंग पहले ही हो चुकी थी। उन्होंने बताया कि अब लोग बाहर से प्रतिमाएं मंगवाने के बजाए स्थानीय कारीगरों से ही बनवाना पसंद कर रहे हैं, जिससे मूर्तिकारों को अच्छा रोजगार मिला है। गणेश चतुर्थी के अवसर पर विभिन्न पूजा समितियां सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेंगी। इनमें स्थानीय कलाकार प्रस्तुति देंगे। वहीं घर-घर में भी श्रद्धालु गणपति की पूजा-अर्चना कर मोदक, लड्डू व अन्य मिष्ठान का भोग लगाएंगे।

# संतोषी की कूची से संवर रही गणपति की मूर्ति

- बिहान से मिली ताकत, परंपरागत मूर्तिकार परिवार को नई पहचान

**बैकुण्ठपुर।** विकासखंड बैकुंठपुर के ग्राम पंचायत कटोरा की ज्वाला महिला स्व-सहायता समूह से जुड़ी श्रीमती संतोषी प्रजापति ने अपने परंपरागत मूर्ति निर्माण कार्य को व्यवसायिक रूप देकर नई राह बनाई है। बिहान मिशन के सहयोग से लिए गए एक लाख रूपए के ऋण ने उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया। पति से विरासत में मिले मूर्तिकार कला में संतोषी ने अपनी कूची और रंगों का हुनर जोड़कर कृष्ण, गणेश और दुर्गा की प्रतिमाओं को और आकर्षक रूप देना शुरू किया। बारहवीं तक पढ़ाई की तीन बच्चों की मां संतोषी की मेहनत से उनके परिवार को प्रतिमाह 20 से 25 हजार की आमदनी होने लगी। साथ ही उन्होंने एक छोटी किराना दुकान भी शुरू की, जिससे 6 से 7 हजार रूपए मासिक अतिरिक्त लाभ मिलने लगा। त्योहारों के मौसम में संतोषी और उनका परिवार मूर्ति निर्माण से 2 से 3 लाख रूपए की आमदनी की उम्मीद कर रहे हैं। पारंपरिक पेशे को आधुनिक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ाने वाली संतोषी अब लखपति दीदी के रूप में पहचान बना चुकी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़कर आत्मनिर्भरता की राह पकड़ने वाली संतोषी आज अपने गांव की महिलाओं के लिए प्रेरणा और मिसाल बन गई है।



# अंधविश्वास व कुप्रथाओं के खिलाफ उठी आवाज

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी




समाज में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़िवाद, कुरीतियों और कुप्रथाओं को समाप्त कर वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के उद्देश्य से 25 अगस्त को इंडिया मार्च फॉर साइंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम इंडिया मार्च फॉर साइंस ऑर्गनाइजिंग कमेटी कोरिया एवं ब्रेकथ्रू साइंस सोसाइटी कोरिया के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस अवसर पर स्वामी आत्मानंद शाला, कन्या माध्यमिक शाला, माध्यमिक शाला बालक, स्वामी रामदास स्कूल, ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल, पीएम श्री प्राथमिक शाला सहित चरचा के विभिन्न स्कूलों से लगभग 150 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने जुलूस निकाला। इनकी मुख्य मांग अंधविश्वास निवारण कानून 2005 को सख्ती से लागू किया जाए। संविधान के अनुच्छेद 51 (क) को पूर्णतः लागू किया जाए। केन्द्रीय बजट का 3 प्रतिशत वैज्ञानिक व तकनीकी अनुसंधान तथा राज्य बजट का 10 प्रतिशत शिक्षा पर खर्च हो। शिक्षा में वैज्ञानिक प्रमाण के विपरीत कोई भी मत न पढ़ाया जाए। सभी नीतियां साक्ष्य आधारित विज्ञान पर निर्मित हों। पाठ्यक्रम से हटाए गए डार्विन के विकासवाद सिद्धांत को पुनः शामिल किया जाए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं एवं विज्ञान कार्यकर्ता कमल डडसेना ने कहा कि वैज्ञानिक दृष्टिकोण के अभाव में पढ़े-लिखे लोग भी अंधविश्वास व पाखंड में फंस जाते हैं। आज भी नरबलि, जादू टोना व टोनही जैसी कुप्रथाओं के कारण निर्दोष लोगों को प्रताड़ति व मारा जा रहा है। समाज के विकास के लिए विज्ञान को जीवन चर्या में अपनाना आवश्यक है। शिक्षक अमरनाथ सिंह और श्रीमती ताहिरा बानो ने दैनिक जीवन में वैज्ञानिक सोच अपनाने परबल दिया। वहीं सलीम कुमार और रवि द्विवेदी ने छात्रों को तार्किक मन विकसित करने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में कमल डडसेना, अमरनाथ सिंह, श्रीमती ताहिरा बानो, श्रीमती अंजुलता द्विवेदी, रवि द्विवेदी, ऋषभ शुक्ला, सलीम कुमार एवं ब्रह्मानंद सहित अनेक शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# महिलाओं ने रखा तीजा का निर्जला व्रत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर





सावन-भादो मास की परंपरा अनुसार मंगलवार को जिलेभर की विवाहित महिलाओं ने तीजा का निर्जला व्रत रखा।

इस अवसर पर महिलाओं ने सोमवार की रात करू-भात (अरबी की सब्जी व चावल) का सेवन किया और सूर्योदय से निर्जला व्रत का संकल्प लिया। सुबह से ही महिलाएं स्नान-ध्यान कर अपने-अपने घरों और मंदिरों में पूजा-पाठ में जुट गईं। पारंपरिक वेशभूषा और सुहाग के प्रतीक श्रृंगार से सजी महिलाओं ने व्रत-पूजन कर पति की लंबी आयु और वैवाहिक सुख-समृद्धि की कामना की। दिनभर महिलाएं बिना जल और अन्न ग्रहण किए पूजा-पाठ करती रहीं। शाम को व्रत का पारायण कथा-वाचन और भगवान शिव-पार्वती की पूजा के बाद किया जाएगा। ग्रामीण अंचल के साथ-साथ शहरी क्षेत्रों में भी तीजा पर्व की छटा देखते ही बन रही है। जगह-जगह मंदिरों में महिलाओं की भीड़ उमड़ी रही।

### व्रत के दिन भी एनएचएम महिला कर्मियों का प्रदर्शन





मंगलवार को तीजा के त्यौहार में जहां महिलाएं अपने पति की लंबी आयु के लिए निर्जला व्रत रखी हुईं थीं, बावजूद इसके भी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) कर्मचारी संघ की महिला कर्मचारियों ने शहर के प्रेमाबाग में अपनी दस सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। महिला कर्मचारियों का कहना है कि परिवार और परंपरा के साथ-साथ वे अपने हक और अधिकारों की लड़ाई को भी नहीं भूल सकतीं। इसलिए तीजा जैसे पावन पर्व पर भी उन्होंने संगठन के साथ मिलकर अपनी मांगों को मजबूती से रखा और भगवान के साथ ही सीएम और स्वास्थ्य मंत्री के फोटो की पूजा-अर्चना भी किए हैं।

# नाबालिग की बेरहमी से पिटाई पुलिस पर पक्षपात का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



- सिटी कोतवाली पुलिस के रवैए से लोगों में आक्रोश

जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में बीती रात एक नाबालिग युवक को कुछ लोगों ने रोड किनारे बेरहमी से पीट डाला। बताया जाता है कि घटना की शुरूआत तब हुई जब नाबालिग की स्कूटी अनियंत्रित होकर संबंधित लोगों के वाहन से टकरा गई। मामूली बात पर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया और नाबालिग की बेदम पिटाई कर दी गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कूटी सवार नाबालिग सड़क पर अचानक आए मवेशी को बचाने के चक्कर में गिर पड़ा। इसी बीच पास खड़ी कार का दरवाजा खुला, जिससे कहासुनी हुई और मामला बढ़कर हाथापाई में बदल गया। बताया जा रहा है कि एक व्यक्ति और कुछ महिलाएं लगातार उस नाबालिग पर हमला करते रहे। गंभीर रूप से घायल नाबालिग को दोस्तों और परिजन ने जिला अस्पताल बैकुंठपुर पहुंचाया, जहां उसकी हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने अंबिकापुर रेफर कर दिया, जहां उपचार के बाद उसे छुट्टी दे दी गई है। इस दौरान आरोपियों ने खुद को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी व मंत्री का रिश्तेदार बताते हुए अस्पताल परिसर में भी लोगों और डॉक्टरों को धमकाया। घटना के बाद जब परिजन सिटी कोतवाली पहुंचे और मामला दर्ज कराने की मांग की तो पुलिस ने टाल-मटोल करते हुए एफआईआर दर्ज करने से इनकार कर दिया, इससे आक्रोशित परिजन और स्थानीय नागरिक थाना परिसर में एकत्र हो गए और पुलिस पर आरोप लगाया कि वह जानबूझकर आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। लोगों का कहना है कि पुलिस यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं करती है तो इससे आम जनता का भरोसा पुलिस पर से उठ जाएगा।

### कलेक्टर ने समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि जिले में 1से 30 सितंबर तक स्कूलों और कॉलेजों में आधार कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने ई-गवर्नेंस के जिला प्रबंधक को निर्देश दिए हैं कि तिथिवार कैलेंडर जारी कर उसके अनुसार कैंप आयोजित किए जाएं।

**न्यायालय व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1, बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज, जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)**
**(पीठासीन अधिकारी डॉ. सुमित कुमार सोनी)**

**समंस**

(धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 के तहत उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदान किये जाने हेतु प्रकरण)
उत्तराधिकार प्रकरण क्रमांक.-04/2025
प्रोसेस क्रमांक- 223/2025
पेशी दिनांक- 10-09-2025

पक्षकार:- साकल -------आवेदक

**विरूद्ध**

शाखा प्रबंधक छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा बलरामपुर वगैरह ----अनावेदकगण

प्रति,
आम जनता,

आवेदक साकल आ. स्व. देवा आयु लगभग 67 वर्ष, जाति-उरांव, निवासी मेन रोड बलरामपुर, पोस्ट व थाना-बलरामपुर के द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया है कि आवेदक की बहन स्व. मेनगी बाई पत्नी स्व. जगमोहन उरांव जो आवेदक के साथ बलरामपुर में निवास करती थी, जिसका छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा-बलरामपुर स्थित खाता कमांक-7004677998 में 1,26,304/- रूपये जमा है। आवेदक को उक्त बचत खाते में जमा सम्पूर्ण राशि का हक एवं अधिकार होने से उत्तराधिकारी घोषित कर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी किये जाने बावत आवेदन इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उसके पक्ष समर्थन में दस्तावेज भी प्रस्तुत की गयी है।

अतः आम आम जनता को इस समंस के जरिये सूचित किया जाता है कि आवेदिका द्वारा प्रस्तुत इस आवेदन के संबंध में आप में से किसी को भी कुछ कहना है या अपना पक्ष रखना है, तो आप आगामी पेशी दिनांक-10.09.2025 को समय 11:00 बजे इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अवयस्क होने की दशा में अपने वली के माध्यम से या अपने अधिवक्ता या ऐसे किसी व्यक्ति के माध्यम से उपस्थित हो सकते है, जिसे कि आपने अपनी ओर से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने हेतु विधिवत अधिकृत किया है या उन्हें अपना पक्ष रखने हेतु समस्त तथ्यों से अवगत करा दिया है। उपरोक्त नियत तिथि एवं समय पर अनुपस्थि रहने की दशा में आपके विरुद्ध एक पक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण की सुनवाई की जा सकेगी।

यदि उक्त नियत तिथि को अवकाश घोषित हो जाता है या मै अवकाश पर जाता हूँ, तो इस प्रकरण की सुनवाई आगामी तिथि पर की जायेगी।

इस न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक-21/08/2025 को जारी।

(डॉ. सुमित कुमार सोनी)
व्यवहार न्यायाधीश वर्ग-1
बलरामपुर, स्थान-रामानुजगंज
जिला-बलरामपुर-रामानुजगंज (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक: 28 सितम्बर 2025, दिन रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी, डीएम
(कार्डियोलाजिस्ट)
दिनांक 24 अगस्त, रविवार
प्रकाश हास्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
पूर्व सलाहकार, टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल, मुंबई
परामर्शदाता : अपोलो हॉस्पिटल, बिलासपुर
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 31 अगस्त, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
स्मार्ट कार्ड/आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

लेजर मशीन द्वारा
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिसचुला (भगंदर), फ्रिशर्स, पाइलोनाईडल सायनस एवं वेरिकोज वेन्स ऑपरेशन की सुविधा शुरू
लेजर के फायदे
• ऑपरेशन के पश्चात कम से कम तकलीफ
• रक्तचाप व दर्द कम एवं कम समय में ही अस्पताल से छुट्टी
• फिर से होने की संभावना सबसे कम
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
डॉ. फिरदौसी हॉस्पिटल
भारत माता चौक रायगढ़ रोड खरसिया नाका, अम्बिकापुर जिला-सरगुजा
मो.- 7869900888 (O.P.D.), 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
उपलब्ध सुविधा
-आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
-दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
-किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
-पेशाब रास्ते का सिकुड़न
-किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
दिनांक 24 सितम्बर 2025
दिन - बुधवार
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

आप परेशान क्यों हैं?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने से पहले मोबाइल से समय आरक्षित कराएं
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

डॉ.कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
दिनाँक - 24 अगस्त, 2025
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

गुप्त रोग
का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 07 सितम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
सम्पर्क करें – 7587722255

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) | 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |

सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ
डॉ.गौरव त्रिपाठी
एमडी.डीएम. कार्डियोलॉजिस्ट
सीने में दर्द या भारीपन
सांस लेने में तकलीफ
लगातार पसीना
नींद न आना
घबराहट एवं बेचैनी
अनियमित हृदय गति
दिनांक 24 अगस्त 2025 दिन - रविवार
मूत्र रोग विशेषज्ञ
डॉ.आकाश अग्रवाल
एमबीबीएस, एमएस (सर्जरी) एमसीएच (यूरोलॉजीएंड रीनल ट्रांसप्लांट) कंसल्टेंट यूरोलॉजिस्ट एंड्रोलॉजिस्ट एंड रीनल ट्रांसप्लांट सर्जन
पेशाब में जलन
प्रोस्टेट बढ़ जाना
पेशाब बार-बार होना
पेशाब बूंद-बूंद पर होना
पेशाब के रस्ते का छोटा होना

## खबर संक्षेप

### अनंत छाबड़ा का योगराज क्रिकेट अकादमी में चयन

**अंबिकापुर।** विनायकम क्रिकेट अकादमी के खिलाड़ी अनंत छाबड़ा का चयन प्रतिष्ठित योगराज सिंह क्रिकेट अकादमी में हुआ है। अनंत छाबड़ा



शहर के व्यवसायी जसविंदर सिंह छाबड़ा (लक्की) के पुत्र हैं। उन्होंने कई वर्षों तक विनायकम क्रिकेट अकादमी में कोच विनायक शर्मा के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने अकादमी में रहकर क्रिकेट की बारीकियां सीखीं और अपने खेल को निखारा। कोच विनायक शर्मा ने बताया कि अनंत एक समर्पित और प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं। योगराज सिंह क्रिकेट अकादमी में उनका चयन हम सभी के लिए गर्व का क्षण है। हमें विश्वास है कि वह अपने खेल से शहर, राज्य और देश का नाम रौशन करेंगे।

### माउंट लिट्राजी स्कूल में बच्चों ने बनाई गणपति प्रतिमा, की पूजा अर्चना



**अंबिकापुर।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर के माउंट लिट्रा जी स्कूल में मूर्ति निर्माण व सजावट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छोटे बच्चो ने अपनी मासूम कल्पनाओं, रंग-बिरंगे कागजों और सजावटी सामान से बप्पा को नई-नई छवियां दीं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना और उन्हें पर्यावरण-अनुकूल गणेश उत्सव का महत्व समझाना रहा। विद्यालय में बच्चों द्वारा निर्मित मूर्तियों का पूजन किया गया। इस अवसर पर निदेशक प्रतीक दीक्षित एवं प्रधानाचार्या श्रीमती वर्षा अग्रवाल समेत विद्यालय परिवार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्री गणेश का आशीर्वाद प्राप्त किया। उत्सव के समापन अवसर पर विधिपूर्वक विसर्जन पूजा संपन्न की गई, जिसमें विद्यार्थियों व शिक्षकों ने भक्ति-भाव से भाग लेकर गणपति बप्पा को विदाई दी और उनसे पुनः शीघ्र आगमन की मंगल कामना की।

### दीक्षारंभ कार्यक्रम में नैनो यूरिया पर हुई चर्चा

**अम्बिकापुर।** मार्गदर्शन संस्थान कृषि महाविद्यालय एवं इफको के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नैनो उर्वरक उपयोग संगोष्ठी एवं




नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का दीक्षारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इफको के महाप्रबंधक संतोष कुमार शुक्ला नैनो यूरिया व नैनो डीएपी के उपयोग के बारे में बताया तथा किसानों की शंकाओं का समाधान किया। उप महाप्रबंधक सुधीर कुमार सक्सेना नैनो यूरिया, डीएपी के प्रयोग की तकनीकी के बारे में बताया। संस्था के अध्यक्ष प्रणवेन्द्र प्रताप सिंह कृषि, कृषि शिक्षा एवं कृषि रोजगार के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्ष जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया, कार्यक्रम को पंचायत स्तर पर करने का सुझाव दिया। इस दौरान पूर्व डीन डॉ.वीके सिंह, संस्था के सचिव प्रेमेन्द्र प्रताप सिंह, पूर्व सरपंच कृष्ण कुमार सिंह, पूर्व महाप्रंधक केपी दीक्षित, आशीष कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे।

### कुमारी आइलिन एक्का को खाद्य एवं पोषण में सर्वाधिक अंक

**अम्बिकापुर।** शासकीय राजमोहिनी देवी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में स्नातकोत्तर गृह विज्ञान संकाय अंतर्गत खाद्य एवं पोषण संकाय में अध्ययनरत छात्रा कुमारी आइलिन एक्का ने चतुर्थ सेमेस्टर में संत गहिरा गुरू विवि में सर्वाधिक 81.6 फीसदी अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। कुमारी आइलिन को विवि ने परीक्षा में 8.67 एसजीपीए ग्रेड प्रदान किया है। छात्रा की इस उपलब्धि पर प्राचार्य एवं विभाग के प्राध्यापकों ने उसे शुभकामनाएं दी है।

## गणेश पूजा उत्सव को लेकर बच्चों सहित लोगों में भारी उत्साह

# चतुर्थी आज, पंडालों में विराजेंगे भगवान गणेश



बनाए गए गणेश प्रतिमा को पसंद करते लोग।



प्रतिमा घर ले जाती किशोरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गणेश पूजा उत्सव को लेकर शहर सहित ग्रामीणों क्षेत्रों में तैयारियां जोरों पर है। एक ओर जहां मूर्तिकार प्रतिमाओं को अंतिम रूप दे दिया है वहीं दूसरी ओर प्रतिमाओं को पंडाल में विराजने के लिए समिति के लोग उत्साह के साथ डीजे के साथ पहुंच रहे है। मुख्य मार्ग सहित गली-मोहल्लों में भगवान गणेश को विराजने आयोजन समिति द्वारा पंडाल का निर्माण करने में जुटे हुए है। शहर में कई जगह कोलकाता से कारीगर बुलाकर विशाल पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है। कारीगर सजावट में कोई कसर नहीं छोड़ रहे है और रंग-बिरंगी लाइटों से सजाने में लगे हुए है। बुधवार को चतुर्थी के अवसर पर भगवान गणेश की प्रतिमा को विधि-विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर पण्डालो में विजराजें जाएगे।

**खास बात**

- तैयारियों में जुटी विभिन्न समिति, पंडाल आकर्षक बनाने जुटे कारीगर

शासन द्वारा मूर्तिकारो से मापदंड के अनुरूप पांच फीट से अधिक उंची मूर्ति नहीं बनाने तथा प्लास्टर ऑफ पेरिस से निर्मित मूर्तियों को बनाने पर प्रतिबंधित किया है। हालांकि मूर्तिकारों ने भी नियम का पालन करने की बात कही और मिट्टी से निर्मित प्रतिमा बना रहे है। मूर्ति निर्माण सामग्री के दोमो में काफी बढ़ोतरी हुई है ऐसे में कुछ स्थानों पर तो मूर्तिकार केवल आर्डर पर ही मूर्तियां बना रहे जबकि दूसरे जगह बनाए गए मूर्ति को खरीद कर बेचने में ज्यादा रुचि दिखा रहे है। मूर्तिकार सचिन मंडल ने बताया कि मूर्ति बनाने के लिए मिट्टी सहित सजावट के लिए कई तरह के सामान की जरूरत पड़ती है। सामान्य मिट्टी तो जिले से ही उपलब्ध हो जाती है परंतु लेप लगाने के लिए कोलकाता से मिट्टी मंगाना पड़ता है। कोलकाता से मंगाए जाने वाली मिट्टी के समेत सजावट के सामान की कीमत काफी बढ़ गई है जिससे मूर्ति के दाम पर ही असर पड़ा है। इस वर्ष लगभग 2 सौ छोटी बड़ी मूर्ति बनाई है। इधर गणेश पूजा को लेकर बच्चों व युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और अपने-अपने मोहल्ले में तैयारियां शुरू कर दी है। सुख शांति का त्यौहार गणेश चौथ मंगलवार को विधि विधान पूर्वक मनाई जाएगी। धार्मिक मान्यता है कि चौथ के दिन ही विघ्न विनाशक भगवान गणेश का जन्म हुआ था। इस दिन भगवान गणेश की स्थापना व पूजा करने से न केवल अपने भक्तों को कल्याण करते हैं बल्कि उनकी हर मनोकामना को पूरा करते है। चौथ को भगवान गणेश का जन्म होने के कारण चौथ पूजा का विशेष महत्व है।

### ऑर्डर पर बनाई गई मूर्तियां

शहर के घड़ी चौक के समीप दुर्गा बाड़ी के अलावा गांधीनगर, भगवानपुर सहित अन्य जगहों पर बड़ी संख्या में मिट्टी से निर्मित मूर्तियां बनाई जा रही है। इनके अधिकांश मूर्ति केवल आर्डर पर ही बनाए जा रहे है। इसके अलावा शहर के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों व दुकानों में भी प्लास्टर ऑफ पेरिस की गणेश की प्रतिमा उपलब्ध है। सोमवार की रात से ही विभिन्न समितियों के लोगों ने डीजे के साथ नाचते हुए ट्रैक्टर, पिकअप से लेकर प्रतिमा लेकर अपने पंडाल लेकर गए। यह सिलसिला आज दूसरे दिन भी जारी रहा।

### निर्देश का नहीं हो रहा पालन

शासन द्वारा गणेश उत्सव को लेकर प्रतिमाओं के आकार का निर्धारण किया है। कोई भी मूर्तिकार पांच फीट से अधिक उंची प्रतिमा का निर्माण नहीं करेगा। इसके अलावा पर्यावरण प्रदूषण के मद्देनजर प्लास्टर ऑफ पेरिस की मूर्तियों के निर्माण व बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है। निर्देश के बावजूद शहर के बाहर बड़ी संख्या में पांच फीट से अधिक उंची प्रतिमाओं का निर्माण किया जा रहा है। शहर की अपेक्षा गांधीनगर क्षेत्र में कुछ स्थानों पर मूर्तिकार नियम का पालन न करते हुए 20 से 25 फीट की प्रतिमा बना रहे है।

## गैस गोदाम निर्माण के लिए भूमि चिन्हांकन का ग्रामीण कर रहे विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

ग्राम मदनपुर व पण्डोनगर के मध्य प्रस्तावित गैस गोदाम परियोजना को लेकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है।पहले पण्डो समाज की जमीन अधिग्रहण की कोशिश ने क्षेत्र में हलचल मचाई थी और अब सिलफिली महाविद्यालय के बगल में भारत पेट्रोलियम की गैस गोदाम बनाने की तैयारी ने ग्रामीणों को नाराज कर दिया है।ग्रामीणों का कहना है कि इतनी बड़ी और संवेदनशील परियोजना को घनी आबादी व शैक्षणिक संस्थानों के बीच स्थापित करना भविष्य के लिए खतरे की घंटी साबित होगा।गौरतलब है कि ग्राम मदनपुर व पण्डोनगर के मध्य एनएच 43 किनारे संचालित शासकीय महाविद्यालय सिलफिली के बाजू स्थित खसरा नंबर 142, 143, 144, 145, 147 कुल रकबा 1.00 हेक्टेयर भूमि को भारत पेट्रोलियम के गैस गोदाम निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन की प्रक्रिया गत दिनों पूर्ण की गई है। प्रस्तावित गोदाम स्थल के ठीक पास सिलफिली कई सरकारी व निजी स्कूल स्थित हैं, प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं यहां अध्ययन के लिए आते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि यहां सरगुजा संभाग के पांचों जिला हेतु गैस सिलेंडर का भंडारण केंद्र स्थापित हुआ तो किसी भी समय छोटी सी चूक एक भयावह हादसे का कारण बन सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि हमारे बच्चे पढ़ाई के लिए कॉलेज और स्कूल जाते हैं। कोई अनहोनी होने की आशंका पर उनके सिर पर हमेशा खतरा मंडराता रहेगा। लोगों का मानना है कि गैस गोदाम के आसपास हमेशा रिसाव,आगजनी और धमाके जैसी दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है यदि ऐसी कोई घटना घटित हुई तो न सिर्फ संपत्ति का नुकसान होगा बल्कि सैकड़ों जिंदगियां भी खतरे में पड़ सकती हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार बड़ी आबादी क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थानों के बीच ऐसा प्रोजेक्ट पूरी तरह असुरक्षित है।लोगों ने साफ कहा कि वे संगठित होकर इस प्रोजेक्ट का विरोध करेंगे और यदि जरूरत पड़ी तो धरना-प्रदर्शन और आंदोलन का रास्ता भी अपनाया जाएगा।

- बड़े आबादी क्षेत्र समीप गैस गोदाम का निर्माण होने से सैकड़ों ग्रामीणों की जिंदगी पर बना रहेगा खतरा



## संत गहिरा गुरु स्मृति फुटबॉल में भैरोपुर टीम विजेता



**राजपुर।** रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में संत गहिरा गुरु स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन विकासखंड के ग्राम बासेन में किया गया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज शामिल हुए।

सांसद की उपस्थित में प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। मैच के समाप्त अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्रथम विजेता टीम भैरोपुर शंकरगढ़ को 51 हजार एव कप देकर सम्मानित किया वहीं उपविजेता टीम दाहीडांड बलरामपुर को 31 हजार व कप देकर सम्मानित किया। सांसद श्री चिंतामणि ने कहा कि खेलों का हमारे जीवन में महत्वपूर्ण योगदान है। खेल से सहयोग की भावना का विकास होता है, खेलकूद से बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप सुदृढ़ होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में फुटबॉल टूर्नामेंट के आयोजन होने से प्रतिभावान खिलाड़ियों को मंच मिलता है। उन्होंने युवा खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलते हुए जिला एवं राज्य स्तर पर नाम रौशन करने की सीख दी। रक्षा वेलफेयर फाउंडेशन के संस्थापक शोभा यादव द्वारा खेल के विजेता उपविजेता के अलावा सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश मंत्री शिवनाथ यादव, भाजपा जिला महामंत्री भानु प्रकाश दीक्षित, भाजपा मंडल अध्यक्ष जगवंशी यादव, अनिल दुबे समेत अन्य मौजूद थे।

## रात्रि गश्त के दौरान मूकबधिर विद्यालय के दो बच्चे घूमते दिखे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

पुलिस ने रात्रि गश्त के दौरान दो मूकबधिर छात्रों को असामान्य स्थिति में घुमते पाए जाने पर उन्हें सुरक्षित उनके विद्यालय पहुंचाया है। 25 की मध्य रात्रि को बिश्रामपुर पुलिस टीम गश्त कर रही थी। इसी दौरान मूकबधिर विद्यालय के दो बालक बस स्टैण्ड में तड़के 3 बजे दिखे जिनसे पूछकर एवं लिखवाकर पुलिस जवानों द्वारा जानकारी ली गई।

बच्चों द्वारा ज्ञानोदय श्रवण बाधित विशेष विद्यालय बिश्रामपुर के हॉस्टल में रहकर पढ़ाई करना बताया। दोनों मुक़बधिर बालकों को समझाइश देते हुए सकुशल श्रवण बाधित स्कूल ले जाकर स्टाफ गंगा एवं चांदनी को सुपुर्द किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दोनों मुक़बधिर बालक की अन्य बच्चों के साथ कहासूनी व लड़ाई हो गई जिसके बाद नाराज होकर दोनों रात को पीछे तरफ की खुली बॉउंड्री की तरफ से निकलकर नगर में भ्रमण कर रहे थे। इस दौरान पुलिस की नजर इन दोनों पर पड़ी। बताया गया कि मुक़बधिर हॉस्टल में 3 वार्डन की नियुक्ति है इसके अलावा अन्य स्टाफ की भी ड्यूटी लगी रहती है इसके बावजूद रात्रि को दो बच्चे बड़े आराम से हॉस्टल से बाहर निकल गये। इस प्रकार की चूक से एनजीओ प्रबंधन की भारी लापरवाही उजागर होती है। बताया गया कि 1बी-1 सी हॉस्पिटल कॉलोनी समीप संचालित हो रहा उक्त हॉस्टल की पीछे की दीवार को हाल ही में कम्पनी क्षेत्रीय अधिकारी के निर्देश पर तोड़ दिया गया है। इसके बाद से ही उक्त प्रांगण का पिछला हिस्सा अब भी खुला हुआ है,इसकी मरम्मत अभी तक नहीं कराई जा सकी है। जिसके कारण यह घटना हुई है,हालांकि समय रहते पुलिस की जागरूकता की वजह से कोई अनहोनी नहीं हुई,दूसरी तरफ जिले के कप्तान एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने रात्रि गश्त पर तैनात जवानों की प्रशंसा करते हुए कहा कि किसी अनहोनी से पहले ही इन बालकों पर पुलिस की नजर पड़ गई और उन्हें सुरक्षित रूप से उनके विद्यालय पहुंचा दिया गया है जो कि सराहनीय है।

- पुलिस की जागरूकता व समय पर नजर पड़ने से बड़ी अनहोनी होने की टल गई
- हॉस्टल प्रांगण के पिछले हिस्से की दीवार है क्षतिग्रस्त, नहीं हो पाई है मरम्मत

## महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए टीकाकरण

**बिश्रामपुर।** सईसीएल प्रबंधन द्वारा मिशन संजीवनी के तहत कंपनी के अधिकारी कर्मचारियों के महिलाओं व बच्चियों के लिए सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण का कार्य सोमवार से आरंभ कर दिया गया है, इसमें 9 वर्ष से 26 वर्ष की बच्चियों व महिलाओं के लिए टीकाकरण का कार्य केंद्रीय चिकित्सालय में शुरु किया गया है।सोमवार को प्रथम दिवस दर्जनों बच्चियों को एचपीवी टीका लगाया गया,इस अवसर पर शिवानी महिला समिति की अध्यक्षा अल्पना सिंह,अर्चना झा,सुनीता कुमार,राजेश्री नारायण,रीता सिंह उपस्थित थी,महिला समिति के सदस्यों ने वैक्सीनेशन कराने पहुंचे बच्चियों को टीकारण के लाभ से अवगत कराया और सर्वाइकल कैंसर के बढ़ते खतरे से भी अवगत कराया,इस दौरान केंद्रीय चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम उपस्थित रहकर टीकारण कार्यक्रम की विस्तृत रूप रेखा के विषय में महिला समिति के अध्यक्ष व सदस्यों को जानकारी दी गई।

- 9 साल से 26 साल की बच्चियों और महिलाओं का किया जा रहा टीकाकरण, सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए दी जा रही विस्तृत जानकारी




## आंगनबाड़ी की जमीन पर अवैध कब्जा, एसडीएम से शिकायत

**प्रतापपुर।** ग्राम पंचायत सेमराखुद्र में शासकीय भूमि पर अवैध अतिक्रमण करने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम से की। साथ ही मामले की जांच कराके अवैध निर्माण रोकने की मांग की है।

एसडीएम को सौंपे ज्ञापन में ग्राम सेमराखुर्द के कपूरचंद गुप्ता सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया है कि ग्राम सेमराखुर्द स्थित खसरा नंबर-235 रकबा 0.91 हेक्टेयर भूमि शासकीय है, जहां आंगनबाड़ी केंद्र भी बना हुआ है। यह भूमि मुख्य सड़क किनारे स्थित है और आंगनबाड़ी के बच्चों के खेलने एवं यात्री प्रतीक्षालय के लिए सुरक्षित रखी गई है। शासकीय भूमि पर गांव के कुछ लोगों द्वारा न सिर्फ कब्जा कर रहे है बल्कि पक्का मकान निर्माण किया जा रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया गया है कि अतिक्रमणकारियों ने शासकीय भूमि पर लगे आम के पौधे को उखाड़ दिया है और कब्जे का कार्य तेजी से जारी है। जबकि उनके पास ग्राम में पहले से ही कई एकड़ निजी भूमि है। ग्रामीणों ने मामले की जांच कर दोषियों के विरूद्ध कार्रवाई तथा शासकीय भूमि को आंगनबाड़ी के बच्चों व यात्री प्रतीक्षालय के लिए सुरक्षित करने की मांग की है।

- ग्राम सेमराखुर्द में शासकीय भूमि पर अवैध पक्का मकान निर्माण का आरोप



# ग्राम मसगा में दो हाथी पिछले तीन दिनों से मचा रहे उत्पात

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

प्रतापपुर से लगे ग्राम पंचायत टुकूदाढ मसगा में दो हाथी पिछले तीन दिनों से उत्पात मचा रहे है। हैरानी की बात तो यह है कि हाथियों का उत्पात क्षेत्र में जारी है परंतु वन विभाग हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने के बजाए गांव के मुख्य मार्ग पर बेरिकेट लगाकर बंद कर दिया है जिससे अब क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

वन परिक्षेत्र प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत टुकूदाढ़ मसगा गांव जो प्रतापपुर से लगा हैं। मुख्य सड़क मार्ग पर मात्र दो हाथी का आतंक ऐसा के वन विभाग द्वारा गांव के रास्ते को ही बैरिकेट लगाकर बंद कर दिया गया। बताया जा रहा है कि आज तीसरा दिन है जहां दो हाथियों के डर से पूरे रास्ते को सील कर देना ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गया है। वन विभाग रात दिन हाथियों की सुरक्षा करने के बजाय सड़क पर बैरिकेड लगाकर हाथी क्षेत्र में दौरा कर अलाउंस कर लोगों को घर से बाहर नहीं निकले हिदायत कर रहे हैं। ग्रामीणों ने बताया कि विगत कई दिनों से हाथी इस जंगल में देखे जा रहे हैं क्या सड़क में बेरिकेट कर देने से हाथी गांव की ओर नहीं आएंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग हाथियों को भगाने का कोई प्रयास नहीं कर रहा है और दिखावा के लिए सड़क पर बैरियर बना कर बंद कर दिया है। साथ ही कुछ लोगों को खड़ा करके यह बताया जा रहा है कि हाथी है इधर मत जाइए। ग्रामीणों को कहना है कि हाथी के आने को लेकर अब वन विभाग मजाक बना दिया है। हाथी को बांस व लकड़ी के बेरियर से रोका नहीं जा सकता। हाथी बैरियर को तोड़कर गांव में पहुंच सकता है। क्षेत्र में हाथी है यह वन कर्मी, अधिकारी बताना चाहते हैं। इस तरह का बैरियर लगा देने से अब वन विभाग की किरकिरी हो रही है।



### एक पखवाड़े से फसलों को तबाह कर रहे हाथी, किसान परेशान

**अम्बिकापुर।** मैनपाट में भ्रमण कर रहा 11 हाथियों का दल सुरक्षा की दृष्टि से ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। हाथियों का दल घरों में तोड़फोड़ मचाने के साथ ही धान की फसल को तबाह कर रहा है। वन अमले की सतर्कता से घरों में तोड़फोड़ मचाने की घटनाओं में कमी आई है लेकिन फसलों की तबाही बढ़ गई है। मैनपाट में सक्रिय हाथियों का दल पिछले एक पखवाड़े से घरों में तोड़फोड़ मचाना बंद कर दिया है लेकिन अभी भी अलग-अलग दलों में बंटकर शाम ढलने के बाद आबादी क्षेत्र के निकट पहुंच जा रहे हैं। अब मक्का एवं मेझरी की फसल लगभग तैयार हो गई है। धान की फसल भी बढ़ गई है। हाथी अब अनाज की खोज में गांव में घुसकर खरीफ फसलों से अपनी भूख मिटा रहे हैं। पिछले कुछ दिनों से हाथियों का दल लगातार ग्राम नर्मदापुर, दांती ढाब, बरडांड एवं कंडराजा में तबाही मचा रहे हैं। ग्राम कंडराजा में हाथियों ने अधिकांश किसानों की धान, मक्का व मेझरी की फसल को तबाह कर दिया है हाथी प्रायः हर दिन कंडराजा में धावा बोल रहे हैं। यही हाल ग्राम नर्मदापुर, दांतीढाब एवं बरडांड का है। बीती रात 12 हाथियों का दल ग्राम कंडराजा मुडीटिकरा में जबकि दल का एक हाथी पटेलपारा पहुंचकर बस्ती के निकट धान की फसल को रौंद रहा था। हाथी आबादी क्षेत्र में न घुसे इसके लिए वन अमला पूरी रात हाथियों की निगरानी कर रहा है। हाथियों की लगातार आवाजाही एवं आबादी क्षेत्र में घुसने की संभावना पर सुरक्षा के लिए विभाग प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को निःशुल्क टार्च उपलब्ध करा रहा है। कुछ गांवों में हाथी लगातार फसलों को तबाह कर रहे हैं जिसके कारण वन अमला क्षति का आंकलन नहीं कर पा रहा है।



इस संबंध में वन परिक्षेत्राधिकारी फेंकू चौबे ने बताया कि वन अमला पूरी रात हाथियों की निगरानी करने के साथ ही ग्रामीणों को सतर्क कर रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को टॉर्च प्रदान किया जा रहा है। कुछ गांवों में हाथी प्रायः हर दिन फसलों को रौंद रहे हैं।

तेज डायग्नोस्टिक/ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने अम्बिकापुर में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विशेषज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ.आशीश जायसवाल<br>जनरल फिजिशियन | डॉ.हेमन्त कुमार बी<br>शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.सोनल गार्डिया<br>जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन | डॉ.भावना गार्डिया<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.जी.के.दामले<br>नाक कान गला रोग विशेषज्ञ | डॉ.नताशा शर्मा<br>स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.रोशन आरा<br>एम.डी.,आर.डी.(सोनोग्राफी) विशेषज्ञ | डॉ.हिमांशु गुप्ता<br>कैंसर रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.कमल नारायण गुप्ता<br>श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विशेषज्ञ | डॉ.अभिजीत भट्टाचार्य<br>जनरल फिजिशियन |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करे
07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सम्पूर्ण सुविधा उपलब्ध

